



## एक नजर में




### 75 लाख से बनेंगे सर्वसुविधा युक्त पंचायत भवन

**सीहोर.** सोमवार को विधायक सुदेश राय ने नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए बिजोरी और कोड़िया छीतू में भूमिपूजन किया है. दोनों गांवों में 75 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधा युक्त पंचायत भवनों का निर्माण किया जाएगा. इस मौके पर जनपद सदस्य जितेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, दिनेश मेवाड़ा सरपंच मतीन खान व सरपंच प्रतिनिधि राकेश, आकाश वर्मा सहित ग्रामीणजनों के द्वारा राय का स्वागत किया गया. विधायक सुदेश राय ने कहा कि ग्राम विकास के लिए ग्राम सरकार का मजबूत होना जरूरी है. बिजोरी में 37 लाख 50 हजार रुपए और कोड़िया छीतू में भी इतनी ही राशि से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराया जाएगा. इन भवनों में पंचायत सदस्यों के लिए सभी आवश्यक उपकरण होंगे और बैठक के लिए भी पर्याप्त स्थान होगा.



### डंपर की बैटरी चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर.** नजदीकी भैरूंदा पुलिस ने डंपर से बेट्री चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी से चोरी गया माल बरामद किया गया. भरत आ. कैलाशचंद पुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका डंपर घर के सामने खड़ा था. 27 सितंबर को ड्रायवर ने बताया कि डंपर की दो बेट्री एवं एक प्रेशर जैक अज्ञात चोर द्वारा चुरा ले गए. थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित ने मुखबिर की सूचना पर संदेही धीरज भल्लावी आ. ओमंप्रकाश भल्लावी जाती गौंड को हिरासत मे लेकर पूछताछ की. जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया. पुलिस ने बेट्री व एक जैक व घटना में उपयोग की गई बाइक भी जप्त की है.

### श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

**शाहगंज.** नगर में नवरात्र के पावन अवसर पर श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सोनम भार्गव द्वारा किया गया. अतिथियों का सम्मान रामलीला समिति अध्यक्ष रामगोपाल सैनी ने किया. रामलीला 11 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक के साथ समाप्त होगी. रामलीला प्रतिदिन रात्रि 9 से शुरू होकर 12 बजे तक चलती है. रामलीला महोत्सव के अंतर्गत प्रथम दिवस नारद मोह एवं रामजन्म की लीला का मंचन किया गया. जिसे देखने बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे.

# छह माह में नर्मदा में 8 डूबे, तीन की मौत, तीन लापता

## रविवार को बुधनी घाट पर डूबे तीन युवकों में से दो का दूसरे दिन भी नहीं चला पता, एसडीआरएफ टीम कर रही लगातार सर्चिंग

- हादसों को टालने के लिए नहीं की गई कोई ठोस पहल
- अवैध रेत खनन से नदी में बने कई फीट गहरे गड्ढे

नवभारत न्यूज

**सीहोर/बुधनी 29 सितंबर. एक दिन पहले बुदनी घाट पर नहाते समय डूबे दो युवकों का दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका है. पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम युवकों को खोजने का प्रयास कर रही है. दोनों युवकों के परिजन भी लगातार दूसरे दिन वहीं डटे हुए हैं, लेकिन खास बात यह है कि इस तरह के हादसे क्यों होते हैं, इस पर जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि बुदनी घाट और आंवली घाट पर इस तरह के कई हादसे हो चुके हैं. जिसमें डूबने वालों का पता नहीं चला. पिछले 6 महीने में जिले में नर्मदा में 8 लोग डूब चुके हैं. इनमें से तीन की मौत हो चुकी है, जबकि तीन का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है. दो युवकों को सुरक्षित बचा लिया था. मरने वालों में 13 साल का बच्चा भी शामिल है.**



**बुधनी.** रविवार को नर्मदा नदी में बहे दो युवकों की तलाश अगले दिन भी जारी रही.

जिले की सीमा में नर्मदा नदी में लगातार हादसे हो रहे हैं., लेकिन इन हादसों को रोकने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई. प्रशासन चेतावनी के बोर्ड और सूचना देकर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेता है. यही वजह है कि नर्मदा घाटों पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. पिछले पांच सालों में यहां कई लोगों की मौत हो चुकी है. ताजा मामलों में ही नजर डालें तो पिछले छह महीने में यहां 8 लोग डूब चुके हैं. जब इसके कारणों की तह में पहुंचे तो पता चला कि लगातार हुए अवैध उत्खनन से नर्मदा का सीना छलनी हो गया है. स्थिति यह है कि नर्मदा में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं. हादसों की वजह जानने के लिए पूर्व में पुलिस ने आंवली घाट की गहराई भी नापी थी. उस समय स्थिति चौंकाने वाली सामने आई थी। रेत माफिया ने अंधाधुंध अवैध उत्खनन से नर्मदा नदी के तल को खाइयों में तब्दील कर दिया है. यही वजह है कि नर्मदा की गहराई कहीं भी एक सी नहीं हैं. एक कदम पर यदि 35 फीट गहरी है तो दूसरे कदम पर नर्मदा में 75 फीट तक गहरा गड्ढा है. आंवलीघाट पर तो नदी का तल 101 फीट तक गहरा है. अब पुलिस के सामने यह परेशानी है कि आखिर किस तरह घाट सुरक्षित हो सकें ताकि यहां हादसों में कमी आ सके. हालांकि जगह-जगह चेतावनी बोर्ड और पुलिस की मौजूदगी से हादसों में कमी तो आई है, लेकिन फिर भी हादसे लगातार हो रहे हैं.

नर्मदा में अवैध उत्खनन से नदी जगह-जगह छलनी हो गई है. घाट के पास लोग पनडुब्बियां लगाकर रेत का उत्खनन करते हैं. यहां जनरेटर चलाकर पाइप लाइन से भी रेत निकाली जाती है.

### पूर्व में पुलिस ने रस्सी से नापी थी नदी की गहराई

नर्मदा में होने वाले हादसों को रोकने के लिए पूर्व में पुलिस ने नर्मदा घाट की गहराई भी नापी थी. इसके लिए पुलिस विभाग ने दो नावों का सहारा लिया. प्लास्टिक की बड़ी रस्सी में अलग-अलग फीट के माप अनुसार टेप लगाकर निशान बनाए गए. रस्सी के एक सिरे पर बड़ा पत्थर बांधकर और दूसरा सिरा नाव से बांध दिया. दूसरी नाव पर पुलिस अधिकारी वीडियोग्राफी करते रहे. रस्सी जहां जितनी गहराई तक डूबती, उस स्थान की गहराई पता चल जाती थी. इस दौरान सामने आया था कि आंवली घाट पर नर्मदा करीब 101 फीट तक गहराई थी. कहीं-कहीं तो 25 फीट गहरी है तो ठीक उसके पास ही 60 फीट की गहराई है.

### सतत एडवायजरी करते हैं जारी

विशेष मौकों पर सभी घाट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाते हैं. गहरे पानी या तेज बहाव वाली जगहों पर न जाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की जाती है. नर्मदा किनारे के गांवों में इसकी मुनादी भी की जाती है. इससे काफी हद तक हादसों में कमी आई है। हालांकि पिछले दिनों जो हादसे हुए हैं उनमें अधिकांश लोग बाहर के हैं, जो गहरे पानी में चले जाते हैं।

**दीपक कुमार शुक्ला,**
पुलिस अधीक्षक सीहोर

# शरारती तत्वों ने मंदिर पर फेंकी मछली

नवभारत न्यूज

**आष्टा 29 सितंबर.** नवरात्रि पर्व के अवसर पर जहां नगर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है. वहीं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई.

नगर के खेड़ापति तालाब मार्ग पर स्थित प्राचीन खोकरा माता मंदिर के बाहर सोमवार की सुबह मंदिर पुजारी जब पहुंचे तो उन्होंने मंदिर प्रांगण में चारों ओर मछली फैली हुई देखी. घटना की जानकारी तुरंत खेड़ापति मंदिर पुजारी को दी गई. सूचना मिलते ही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. उपस्थित लोगों ने देखा कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार भी काटे गए हैं और बाहर मछलियां पड़ी हुई हैं. घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया. अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की.

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने इस कृत्य की निंदा करते हुए दोषियों को शीघ्र पकड़े जाने और कड़ी सज़ा दिए जाने की मांग की है. वहीं पुलिस प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि नगर की शांति और सौहार्द को किसी भी हालत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा.

# बीती रात चोरों ने मचाया धमाल, बटोर ले गए माल

- नीलकंठ मार्ग की आधा दर्जन दुकानों पर चोरी की वारदात
- चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरों में हुई कैद

नवभारत न्यूज

**सीहोर/भैरूंदा 29 सितंबर.** नवरात्रि में दिन के अलावा रात में भी देवीधाम सलकनपुर जाने वाले पदयात्रियों की आवाजाही बनी हुई है. इसके बाद भी बीती रात चोरों ने नगर की अनेक दुकानों को अपना निशाना बनाया और लाखों का माल बटोर ले गए. चोरों की करतूत दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं. चोरी की वारदातों से नागरिकों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है.

नगर में चोरी की लगातार बढ़ती वारदातों ने नागरिकों में असुरक्षा की भावना निर्मित कर दी है. हाल ही में नगर के सूने मकान में धावा बोलकर लाखों की नगदी व जेवरात पर हाथ साफ करने वाले चोरों का पुलिस सुराग नहीं लगा कि बीती रात दु:साहसी चोरों ने नीलकंठ मार्ग स्थित लगभग आधा दर्जन दुकानों में सेंधमारी करते हुए लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया.



सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदारों को जब ताले टूटे नजर आए तो उनके होश उड़ गए. चोरों ने क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन दुकानों के ताले चटकाकर उनमें रखी नगदी और लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया था. पीड़ित दुकानदार एकत्रित होकर थान पहुंचे जहां उनसे पुलिस ने आवेदन लेते हुए आश्वासन दिया है कि वह चोरों को शीघ्र ही पकड़ लेंगे. कुछ दुकानों में व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की करतूत कैद हो गई है. अब देखना है कि पुलिस कब तक चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाब हो पाती है.


